# ब न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग

## दाखिल खारिज अपील वाद सं0 01/2016

मुनिता राणा

— बनाम —

राज्य

| दिनांक | —: आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर :— | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| | आवेदिका मुनिता राणा पति छटु प्रसाद ग्राम हजारी धमना पो0 सिंघरावां थाना चौपारण जिला हजारीबाग द्वारा अपने विज्ञ अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन समर्पित किया है कि मौजा करमा थाना नं0 289 खाता नं0 25 प्लौट नं0 772 रकबा 7.50 ए0 भूमि विक्रेता रूदो राणा से विक्रय पत्र सं0 9727 दिनांक 27.12.1988 द्वारा क्रय किया था जिसके दाखिल खारिज हेतु अंचल अधिकारी चौपारण को आवेदन समर्पित किया गया था जिसे अंचल अधिकारी चौपारण द्वारा दाखिल खारिज वाद सं0 49/2016—17 को अस्वीकृत कर दिया गया है। आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी चौपारण के आदेश को निरस्त करते हुए दाखिल खारिज अपील आवेदन स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।<br>आवेदिका के आवेदन के आलोक में पक्षकार को नोटिस निर्गत किया गया । आवेदिका द्वारा जवाब दाखिल किया गया। अचंल अधिकारी चौपारण द्वारा दाखिल खारिज वाद सं. 49/2016—17 में अस्वीकृति का कारण में प्रतिवेदित किया गया कि आवेदिक द्वारा हुकुमनामा जमींदारी उन्मूलन के पश्चात् निर्गत प्रथम सरकारी रसीद, जमींदारी रसीद, फर्द रिपोर्ट अमीन की छायाप्रति संलग्न नहीं किया गया है। पंजी II की प्रविष्टि किसी सक्षम पदाधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं है, भूमि की खतियानी किस्म गैरमजरूआ खास जंगल है। अतः दाखिल खारिज अस्वीकृत किया जा सकता है।<br>अतएव अंचल अधिकारी चौपारण के जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि प्रश्नगत भूमि खतियानी किस्म गैरमजरूआ खास जंगल है तथा आवेदिका द्वारा हुकुमनामा, जमींदारी रसीद एवं जमींदारी उन्मूलन के पश्चात् निर्गत प्रथम सरकारी रसीद, फर्द रिपोर्ट अमीन की मूल प्रति संलग्न नहीं है। साथ ही खतियान में जंगल, जंगल — झाड़ी इंद्राज के मामलों में TN Godavarman Trimulpad Vs Union of Indian 1995 writ petition S(C) no. 202 of 1995 से माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में आवेदिका का अपील आवेदन अस्वीकृत किया जाता है।<br>लेखापित एवं संशोधित<br><br>31/1/22 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग)<br><br>31/1/22 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बरही, (हजारीबाग)<br><br>ज्ञापांक 28 /रा0 बरही, दिनांक 03/02/2022<br>प्रतिलिपि :— अंचल अधिकारी चौपारण को आदेश की प्रति सूचनार्थ प्रेषित।<br><br>31/1/22 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग। | |

Digitally signed by AJAY BHAGAT
Date: 2024.06.18 18:45:53 +05:30
Location: 192.168.1.37